**JAIN COLLEGE, J C Road, Bangalore**
**Mock Paper - 1 January - 2017**
**II PUC – Hindi (03)**

**समय: 3:15 मिनट** | **कुल अंक:100**

**सूचना:** 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी तथा देवनागरी लिपी में लिखना आवश्यक है।
2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है।

**I.(अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **1x6=6**

1. सुजान के छोटे बेटे का नाम क्या है?
2. मनुष्य के कुकर्मों पर कौन हँसता है?
3. महानगर के फ्लैट में रहने वाले लोग क्या भूल गए हैं?
4. किस नदी में भयंकर बाढ़ आती थी?
5. चीफ साहब बड़ी रुचि से किसे देखने लगे?
6. 'शिन्कान्सेन' का शाब्दिक अर्थ क्या है?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3x3=9**

7. सुजान भगत पेड़ के नीचे बैठ कर क्या सोचता है?
8. पिताजी ने रसोई को 'भटियारखाना' क्यों कहा है?
9. माँ को आलिंगन में भरकर शामनाथ ने क्या कहा?
10. नरक में निवास–स्थान की समस्या कैसे हल हुई?
11. 'तोदायजी मंदिर' का वर्णन कीजिए।

**II.(अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे?** **1x4=4**

12. 'आधि–रोटी खाओ, भगवान का भजन करो और पड़े रहो।'
13. 'बंद करो अब, इस मन्नू का घर से बाहर निकलना।'
14. 'सच? मुझे गाँव के लोग बहुत पसंद हैं।'
15. 'इनकम होती तो टैक्स होता। भुखमरा था।'

**(आ) निम्नलिखित में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए:** **3x2=6**

16. 'इसी प्रकार जो लोग स्वार्थी होकर अपने कर्त्तव्य पर ध्यान नहीं देते, वे संसार में लज्जित होते हैं और सब लोग उनसे घृणा करते हैं।
17. 'पतन की जब पराकाष्ठा हो जाती है तभी पुन:उत्थान की किरणें फूटती है।'
18. 'चूड़िया कहाँ से लाऊँ बेटा, तुम तो जानते हो, सब जेवर तुम्हारी पढ़ाई में बिक गए।'
19. 'यहाँ टिकट खाँचे में डाल कर जल्द अंदर घुसो, उस पार जाकर अपनी टिकट उठा लो।'

**III.(अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **1x6=6**

20. गोपिकाएँ किसे संबोधित करते हुए बातें कर रही हैं?
21. पातक, राजा और रोग किसे दबाते हैं?
22. आँखों की सुन्दरता किससे बढ़ती है?
23. जंगल को क्या हो जाने से बचाना है?
24. तमिलनाडु में रामायण का ज्ञान कौन दे रहा है?
25. पीड़ित व्यक्ति को किस प्रकार चलना चाहिए?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3x2=6**

26. मानवता के प्रति कवि नरेन्द्र शर्मा के विचार प्रकट कीजिए।
27. हरयाणा की सांस्कृतिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
28. परिश्रम के महत्व के प्रति रैदास के क्या विचार हैं?
29. पीड़ित व्यक्ति की संवेदना को कवि दुष्यन्त कुमार ने किस प्रकार व्यक्त किया है?

**(इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए:** **4x2=8**

30. धनि रहीम जल पंक को, लघु जिय पियत अघाय।
उदधि बड़ाई कौन है, जगत पिआसो जाय॥

**अथवा**

कहै यहै श्रुति–स्मृत्यौ, यहै सयाने लोग।
तीन दबावत निसकहीं, पातक, राजा, रोग॥

31. वे नीलम से मेघ, नहीं–
जिनको है घुल जाने की चाह,
वह अनन्त ऋतुराज, नहीं–
जिसने देखी जाने की राह!

अथवा

यह बिहार की भूमी, जहाँ पितरों का तर्पण होता है।
जे–पी–के इंगित से दस्यु–आत्म–समर्पण होता है॥
विश्वगुरु कहलाने वाले, नालन्दा–वैशाली हैं।
गौतम, महावीर ने अपनी परम्पराएँ पाली हैं॥
शान्त–क्रान्त दृष्टा प्रदेश, नूतनता नित्य उभरती है।
भारत माता की धरती, वीरों, सन्तों की धरती है॥

**IV. (अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **1x5=5**

32. मलमल के थान और अबरों को परेश किसके पास नहीं ले कर जाते?
33. घृणा को किससे नहीं मिटाया जा सकता?
34. बेला के अनुसार परिवार के सदस्य उससे किस प्रकार डरते हैं?
35. सुशीला किसके लिए बेचैन है?
36. वसंत ऋतु में किसके स्वर से सभी परिचित हैं?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **5x2=10**

37. दादाजी ने किस अभिप्राय से सभी को बुलाया और क्या कहा?

**अथवा**

बेला अपने मायके क्यों जाना चाहती थी?

38. भारती और सुशीला के वार्तालाप को अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

महाकवि भारवि का चरित्र–चित्रण कीजिए।

**V. (अ) वाक्य शुद्ध कीजिए:** **1x4=4**

39. (क) उसका भाई अफ़सर लगा हुआ है।
(ख) सभी ही ने मिलकर काम किया।
(ग) तुम शायद अवश्य पछताओगे।
(घ) हम जल्दी लौटकर आयेगा।

**आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए:** **1x4=4**

**[ का, को, की, के]**

40. (क) यही मानव____समाजोपयोगी बनाता है।
(ख) आजकल राजनीति____बोलबाला है।
(ग) रात____बारह बाजे होंगे।
(घ) मार्ग में हमने बहुत से लोगो____सहायता की।

**(इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार लिखिए:** **1x3=3**

41. क. मोहन कक्षा में सबसे अधिक होनहार है। (भूतकाल में बदलिए)
    ख. गर्मियों के दिन थे। (वर्तमान काल में बदलिए)
    ग. धर्म उनके जीवन का आधार है। (भविष्यत् काल में बदलिए)

**(ई) निम्न्लिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए:** **1x4=4**

| | |
|---|---|
| 42. क. सात घाट का पानी पिए होना | i. सदा काम करते रहना |
| ख. तेली का बैल होना | ii. रात भर जागते रहना |
| ग. आँखों में रात काटना | iii. साफ इन्कार करना |
| घ. टका–सा जवाब देना | iv. अनेक प्रकार के अनुभव होना |

**(उ) अन्य लिंग रुप लिखिए:** **1x3=3**

43. i) धनवान ii) अध्यापक iii) निर्देशक

**(ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:** **1x3=3**

44. i) ऊपर चढ़ने वाला।
    ii) जो केवल कहने एंव दिखाने के लिए हो।
    iii) पत्तों की बनी हुई कुटिया।

**(ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए:** **1x2=2**

45. i) नम्र ii) कायदा

**(ऐ). निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए:** **1x2=2**

46. i) चालक ii) उपजाऊ

**VI. (अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:** **1x5=5**

47.
    i) पर्वतीय स्थान की यात्रा
    ii) मेरी प्रिय पुस्तक
    iii) काला धन

**अथवा**

बैंक मैनेजर को बैकिंग–दुर्व्यवस्था की शिकायत करते हुए एक शिकायती पत्र लिखिए।

**आ)निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **1x5=5**

48. मानव का मन ही उसके जीवन का संचालक है। मन में उमंग है, साहस है, तो आप जीवन में कठिन से कठिन काम कर सकते हैं, यदि मन में यह सब नहीं है, तो व्यक्ति एक मृतक की तरह निर्जीव पड़ा रहेगा, वह जीवन में उन्नति नहीं कर सकता, मन की दृढ़ता ने ईसा मसीह को सूलियों पर भी कष्ट नहीं होने दिया, आज वे सब के पूज्य हैं। मन की दृढ़ता लेकर गाँधीजी ब्रिटिश राज्य से टकरा गये और अन्त में सफल हुए। मन की दृढ़ता लेकर आज़ादी की लड़ाई में भगत सिंह, चन्द्रशेखर आज़ाद जैसे क्रान्तिकारियों ने बिना किसी साधन के ब्रिटिश शासन की जड़े हिला दीं। कहा भी गया है, जहाँ चाह है, वहाँ राह है।

**प्रश्न:** i) मानव जीवन का संचालक कौन है?
    ii) मन की दृढ़ता ने किसको सूलियों पर कष्ट नहीं होने दिया।
    iii) गाँधीजी किससे टकरा गये?
    iv) किन क्रान्तिकारियों ने ब्रिटिश शासन की जड़े हिला दीं।
    v) क्या कहा गया है?

**(इ) 49. हिन्दी में अनुवाद कीजिए:** **1x5=5**

1. I believe in God.
2. Mahamana Malaviya established Kashi Hindu University.
3. Sports is benficial for health.
4. I’m here in Pune from last four days.
5. Teachers want their students to excel.

*******

**JAIN COLLEGE, J C Road, Bangalore**
**Mock Paper - 2 January - 2017**
**II PUC – Hindi (03)**

**समय: 3:15 मिनट** **कुल अंक:100**

सूचना: 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी तथा देवनागरी लिपी में लिखना आवश्यक है।
2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है।

**I.(अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **1x6=6**

1. सुजान की पत्नी का नाम क्या है?
2. गंगा मैया ने किसे सर्व शक्तिमान कहा है?
3. अजमेर से पहले मन्नू के पिता कहाँ थे?
4. विश्वेश्वरैया का जन्मदिन किस नाम से मनाया जाता है?
5. चीफ की दावत किसके घर पर थी?
6. 'नारा' का प्रसिद्ध मंदिर कौन सा है?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3x3=9**

7. सुजान भगत भिक्षुक को कैसे संतुष्ट करता है?
8. मन की शक्ति कैसी है?
9. लेखिका बचपन में कौन–कौन से खेल खेलती थीं?
10. बड़े साहब ने नारद से दफ्तरों के रीति–रिवाज़ के बारे में क्या कहा?
11. 'टफ्स' के पुस्तकालय के बारे में लिखिए।

**II.(अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे?** **1x4=4**

12. 'हमारे–आपके घरों की लड़कियों को शोभा देता है यह सब?'
13. 'जब से बीमारी से उठी हूँ नाक से साँस नहीं ले सकती।'
14. 'धरम के काम में मीन–मेष निकालना अच्छा नहीं ।'
15. 'क्यों धर्मराज, कैसे चिन्तित बैठे हैं?'

**(आ) निम्नलिखित में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए:** **3x2=6**

16. 'अभी ऐसे बूढ़े नहीं हो गए कि कोई काम ही न कर सकें।'
17. 'बेटा, शब्दकोशों में उसका नाम शेष है, उपदेशकों के प्रयोग में।'
18. 'साधु–सन्तों की वीणा से तो और अच्छे स्वर निकलते हैं।'
19. 'यहाँ प्रकृति की तूलिका में सात से अधिक रंग दिखाई दे रहे हैं।'

**III.(अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **1x6=6**

20. वाणी कहाँ रह गई?
21. भगवान कब प्रसन्न होते हैं?
22. माँ और बेटी एक दूसरे के लिए क्या बनते हैं?
23. कवि ने बूढ़ा चौकीदार किसे कहा है?
24. भजनभाव में किसकी वाणी जैसा धीर है?
25. कवि का क्या मकसद नहीं है?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3x2=6**

26. रैदास ने किस प्रकार के राज्य का वर्णन किया है?
27. 'कायर मत बन' कविता के द्वारा कवि हमें क्या सन्देश देते हैं?
28. पर्यावरण के संरक्षण के संबंध में कवि कुँवर नारायण के विचार लिखिए।
29. 'हो गई है पीर पर्वत–सी' गज़ल से पाठकों को क्या सन्देश मिलता है?

**(इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए:** **4x2=8**

30. ऊधौ हम आजु भई बड़–भागी ।
जिन आँखेयन तुम स्याम बिलोके, ते अँखियाँ हम लागीं।
जैसे सुमन–बास लै आवत, पवन मधुप अनुरागी।
अति आनंद होत है तैसैं, अंग–अंग सुख रागी।
ज्यों दरपन मैं दरस देखियत, दृष्टि परम रुचि लागी।
तैसैं मिले हारे हमकौं, बिरह–बिथा तन त्यागी॥

**अथवा**

निज कर क्रिया रहीम कहि, सुधि भावी के हाथ ।
पाँसे अपने हाथ में, दाँव न अपने हाथ ॥

31. वे मुस्काते फूल, नहीं–
जिनको आता है मुरझाना,
वे तारों के दीप, नहीं–
जिनको भाता है बुझ जाना ।

अथवा

हर सड़क पर, हर गली में, हर नगर, हर गाँव में,
हाथ लहराते हुए हर लाश चलनी चाहिए।

**IV. (अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **1x5=5**

32. मिश्रानी कितने वर्षों से मूलराज के परिवार में काम कर रही थी?
33. छोटी बहू के मन किसकी मात्रा जरुरत से ज्यादा है?
34. संस्कृत के महाकवि कौन हैं?
35. श्रीधर पंड़ित के घर की सेविका का नाम लिखिए।
36. प्रेम के बिना किसका मूल्य नहीं हैं?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **2x5=10**

37. रजवा ने छोटी भाभी से क्या कहा?

**अथवा**

बेला ने सारा फर्नीचर और सामान कहाँ रख दिया और क्यों?

38. प्रायश्चित को लेकर पिता और पुत्र के बीच हुए संवाद को लिखिए।

**अथवा**

टिप्पणी लिखिए: क) आभा ख) भारती

**V. (अ) वाक्य शुद्ध कीजिए:** **1x4=4**

39. (क) सब लोग अपनी राय दें।
(ख) पर्यावरण का रक्षा करो।
(ग) आवश्यकता ही आविष्कार का जननी है।
(घ) होटल में हिन्दी संगीत चल रही है।

**आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए:** **1x4=4**

**[ से, का, कि, ने]**

40. (क) शालीनता जापान____गुणधर्म है।
(ख) मंदिर____जुड़ा विस्तृत बाज़ार है।
(ग) धर्मराज____व्यंग्य से चित्रगुप्त की ओर देखा।
(घ) नारद ने सोचा____फिर यहाँ वजन की समस्या खड़ी हो गयी।

**(इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार लिखिए:** **1x3=3**

41. क. कुछ देर तक हम इसका वैभव देखते हैं। (भूतकाल में बदलिए)
    ख. डोसा–साम्भर और भारतीय मसालों की सुगंध यहाँ छाई थी। (वर्तमान काल में बदलिए)
    ग. माँ सफेद कमीज और सफेद शलवार पहनकर बाहर निकलीं। (भविष्यत् काल में बदलिए)

**(ई) निम्न्लिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए:** **1x4=4**

| | |
|---|---|
| 42. क. नाक रगड़ना | i. भाग्य पलटना |
| ख. नींव डालना | ii. खुशामद करना |
| ग. दिन फिरना | iii. कलंक लगाना |
| घ. धब्बा लगाना | iv. शुभ कार्य आरंभ करना |

**(उ) अन्य लिंग रुप लिखिए:** **1x3=3**

43. i) महोदया ii) नरतोता iii) बाघ

**(ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:** **1x3=3**

44. i) दूर की सोचनेवाला ।
    ii) सौ वर्ष का समय ।
    iii) जो आँखों के सामने हो ।

**(ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए:** **1x2=2**

45. i) जीवन ii) साध्य

**(ऐ). निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए:** **1x2=2**

46. i) पर्वतीय ii) बड़प्पन

**VI. (अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:** **1x5=5**

47. i) स्त्री शिक्षा की आवश्यकता
    ii) व्यायाम का महत्व
    iii) समाजसेवा

अथवा

अपनी माताजी को अपने नए महाविद्यालय का वर्णन करते हुए पत्र लिखिए ।

**(आ)निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **1x5=5**

48. हम मानते हैं कि अंग्रेजी भाषा प्रौढ़ है। हर एक प्रकार के भावों को आसानी से जाहिर कर सकती है और भारतीय भाषाओं में अभी वह बात नहीं आयी, लेकिन जब वही लोग, जिन पर भाषा के निर्माण और विकास का दायित्व है, दूसरी भाषा के उपासक हो जावें, तो अपनी भाषा का भविष्य भी तो शून्य हो जाता है। फिर क्या विदेशी साहित्य की नींव पर आप भारतीय राष्ट्रीयता की दीवार खड़ी करेगें? यह हिमाकत है। आज हमारा पठित–समाज साधारण जनता से पृथक हो गया है। शायद वह जनता को नीच और गँवार समझता है, लेकिन वह खुद जनता के नज़रों से गिर गया है। जरा इस गुलामी को देखिए कि हमारे विद्यालयों में हिन्दी या उर्दू भी अंग्रेजी द्वारा पढ़ायी जाती है। अगर बेचारा हिन्दी प्रोफेसर अंग्रेजी में लेक्चर न दे, तो छात्र उसे नालायक समझते हैं। आदमी के मुख कलंक लग जाय तो वह शर्माता है, उसे छिपाता है, पर हम अपनी दासता के कलंक को दिखाते फिरते हैं, मानो वह हमारी कीर्ती की ध्वजा है। वाह री भारतीय दासता, तेरी बलिहारी है।

i. कौनसी भाषा प्रौढ़ मानी जाती है?
ii. अपनी भाषा का भविष्य कब शून्य हो जाता है?
iii. आज पठित–समाज किससे पृथक हो गया है?
iv. हमारे विद्यालयों में हिन्दी या उर्दू किसके द्वारा पढ़ायी जाती है?
v. हम अपनी दासता के कलंक को क्या समझते है?

**(इ) 49. हिन्दी में अनुवाद कीजिए:** **1x5=5**

1. Language should be simple and easy to understand.
2. Subhadra Kumari Chowhan was a great freedom fighter.
3. Nalanda was a famous university.
4. Now a days ‘Patanjali’ products are very famous.
5. Corruption should be irradicated from the society.